# घुमंतू जाति का मूलभूत सुविधाओं के लिए चल रहा धरना आमरण अनशन में बदला

## जिस तहसीलदार पर अन्याय करने का आरोप उसी को जांच देने से घुमंतू जाति के लोग नाराज

**चाकसू,** (निसं)। जयपुर जिले के माधोराजपुरा पंचायत समिति में घुमंतू जातियों का निशुल्क आवास एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए चल रहा धरना प्रदर्शन नौवें दिन और अधिक व्यापक होकर आमरण अनशन में बदल गया। जिस तहसीलदार पर घुमंतू जातियों पर अन्याय करने का आरोप लगाया गया उसी को घुमंतु जातियों के आरोप की जांच देने से नाराज भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के कार्यकर्ताओं ने नौवें दिन शीघ्र जांच अधिकारी बदलने एवं दोषी अधिकारियों तहसीलदार तथा विकास अधिकारी को तुरंत प्रभाव से निलंबित करने की मांग को लेकर आमरण अनशन शुरू कर दिया। आज नौवें दिन भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कालीबाई कालबेलिया ने घुमंतू जाति के अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए खाना-पीना छोड़ कर आमरण अनशन शुरू कर दिया है।

भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों पर आरोप लगाया कि 1989 में काली बाई की अनभिज्ञता में काली बाई के ससुर द्वारा अपने बेटे के नाम खरीदे गए पट्टे को आधार बनाकर 50 वर्ष से एक ही स्थान पर रह रही कालीबाई कालबेलिया को दोषी बताया जा रहा है। जबकि उक्त पट्टे वाले स्थान पर अब कालीबाई के रिश्तेदारों का कब्जा पिछले 30 वर्ष से है। जिनके साथ काली बाई का लड़ाई झगड़े का मुकदमा चल रहा है। कालीबाई ने आरोप लगाया कि एक ओर तो पंचायत समिति में जिनके पास सैकड़ों बीघा भूमि है उनको पट्टे दिए गए हैं, एक नहीं कई लोगों को तो एक से अधिक पट्टे दिए गए हैं जो पट्टे लेकर उसे बेचकर फिर पट्टा प्राप्त करने के लिए एप्लीकेशन लगा रहे हैं। ऐसे में जब इस भूमि पर और भी अन्य लोगों ने अपना घर बना रखा है तो मुझ कालबेलिया जाति की महिला के साथ यह अन्याय सहन नहीं हो रहा है।



घुमंतू जाति के लोगों का आवास एवं मूलभूत सुविधाओं के लिए चल रहा धरना जारी रहा।

साथ ही माधवराजपुरा पंचायत समिति की 19 पंचायतों में तथा प्रदेश में कई जगहों पर घुमंतू जाति के लोग आजादी के बाद से अपना खुद का मकान तथा बिजली पानी का सपना देख रहे हैं, जिसे पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आदेश दिए हैं लेकिन निचले स्तर पर विकास अधिकारी तथा तहसीलदार जैसे पदों पर बैठे कई अधिकारी घुमंतू जाति को अभाव ग्रस्त जीवन से मुक्त करने के बजाय उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं। जिसकी कि मैं कालीबाई स्वयं एक गवाह हूं और मेरी लड़ाई मेरी अपनी ना होकर मेरे जैसे लाखों घुमंतू जाति के उन भाई बहनों के लिए है जो बिना बिजली ,बिना पानी तथा बिना अपने स्वयं का मकान के नारकीय जीवन जी रहे हैं।

कालीबाई ने कहा कि उनके परिवार में उनके चार बेटे और एक बेटी है इस प्रकार छह परिवार का उनका कुनबा है और 1989 में दिए गए 1 पट्टे से कैसे 6 परिवार के 50 सदस्य रह पाएंगे जिसका क्षेत्रफल भी बहुत छोटा है यही नहीं वह भी किसी अन्य के कब्जे में है।

भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने आरोप लगाया कि कालीबाई कालबेलिया के मामले में पूर्व के अधिकारियों ने गलत तथ्य पेश कर काली बाई का कब्जा हटाए बगैर काली बाई के मकान को पंचायत समिति के जमीन में दर्ज कर दिया और वर्तमान तहसीलदार तथा विकास अधिकारी पूर्व के अधिकारियों की गलती पर पर्दा डाल रहे हैं।

आज धरना प्रदर्शन में जयपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा, कोटा, बूंदी, झालावाड़, अजमेर, टोंक, दौसा, भरतपुर, बांरा आदि जिलों से घुमंतू जाति के पंच पटेल एवं कार्यकर्ता पहुंचे। जैसे-जैसे धरना प्रदर्शन आगे बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे प्रदर्शन में भाग लेने वाले घुमंतू जाति के कार्यकर्ताओं का मनोबल और अधिक बढ़ता जा रहा है तथा संख्या भी बढ़ती जा रही है। जिसे देखकर ऐसा लग रहा है कि इस बार अपने स्वयं के मकान, बिजली ,पानी तथा मूलभूत सुविधाएं प्राप्त करने का सपना घुमंतु जातियों का साकार होकर रहेगा।

# 18 घंटे बाद नदी में तैरता मिला युवक का शव

## करीब 50 से अधिक ग्रामीण परिजनों के साथ पूरी रात बनास नदी के किनारे ही बैठे रहे

**टोंक,** (निसं)। पीपलू उपखंड क्षेत्र के डोडवाड़ी में शनिवार को नहाते समय बनास नदी में डूबे युवक का शव रविवार अलसुबह पांच बजे ग्रामीणों को करीब 18 घंटे बाद मिल गया। शव घटना स्थल से करीब सवा सौ मीटर दूरी पर पानी की ऊपरी सतह पर तैरता हुआ दिखाई दिया, शव अपने आप उपर आ गया था।

शनिवार शाम को अंधेरा होने के बाद रेसक्यू बंद कर दिया गया था तथा रविवार सुबह 6 बजे से दुबारा रेसक्यू शुरु करना था। वहीं करीब 50 से अधिक ग्रामीण परिजनों के साथ शनिवार की पूरी रात बनास नदी के किनारे ही बैठे रहे। ऐसे में रविवार सुबह 5 बजे करीब ग्रामीणों की नजर पड़ी तो दयाराम का शव पानी की ऊपरी सतह पर तैरता हुआ दिखाई दिया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीपलू अस्पताल लेकर आई जहां पोस्टमार्टम करवाकर उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



मृतक का फाइल फोटो।

पीपलू थाना प्रभारी कुसुमलता मीणा ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 11 बजे डोडवाड़ी निवासी दयाराम (22) पुत्र रामराज जाट उसके दोस्त सोनू के साथ गांव के पास से गुजर रही बनास नदी में नहाने गया

■ **शनिवार को नहाते समय बनास नदी में डूब गया था**

था। कुछ देर बाद दयाराम नहाते समय गहरे पानी में चला गया बचाने के लिए आवाज लगाई। उसकी आवाज सुनकर पानी के किनारे कपड़े धो रहा उसका दोस्त सोनू उसे बचाने के लिए नदी में गया लेकिन उससे पहले ही दयाराम पानी में डूब गया। वहीं सोनू भी घबरा गया तथा गहरे पानी में जाने लगा। जैसे तैसे एक पत्थर के टीले को पकड़कर सोनू उस पर चढ़गया तथा ग्रामीणों को आवाज लगाई। पास के ही बालाजी मंदिर में मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जिन्होंने सोनू को तो तुरंत ही सुरक्षित बाहर निकाल लिया। वहीं दयाराम की तलाश करने लगे लेकिन वह काफी देर तक भी नहीं मिला।

# निवेश के नाम पर ठगी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर,** (निसं)। जिले की कोतवाली थाना पुलिस ने निवेश के नाम पर लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बेंगलुरु की एक कंपनी में निवेश के नाम पर 6 लाख 10 हजार की ठगी की थी। फिलहाल पुलिस टीम आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

शहर कोतवाल ने बताया कि, विगत 7 अप्रैल 2023 को डूंगरपुर शहर निवासी लक्ष्मीलाल पुत्र छगनलाल जैन ने रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में लक्ष्मीलाल जैन ने बताया था कि 1 सितंबर 2022 को उसकी बेटी कविता के मोबाइल पर एक कॉल आई थी। फोन करने वाले ने बेंगलुरु की एक कंपनी में निवेश कर मोटा मुनाफा दिलाने का लालच दिया था। इस पर उनकी बेटी ने कंपनी के खाते में 6 लाख 10 हजार रुपए जमा करवाए। इसके बाद आरोपियों ने फोन बंद कर लिया। सीआई ने बताया कि पीडित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए रविवार को महेश पुत्र रमेश जोगी निवासी मानसरोवर कॉलोनी, देवगुराडीया पुलिस थाना खुडेल, इंदौर, राहुल पुत्र मुनीश साहू निवासी बीनागंज, जिला गुना मध्य प्रदेश, और वरुण पुत्र राजकुमार गुप्ता निवासी चाचोड़ा पुलिस थाना बीनागंज जिला गुना, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में तीनों आरोपियों ने वारदात कबूल कर ली है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है कि कितने लोगों से ठगी की गई है।



ठगी के मामले मे कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार तीन आरोपी।

# हमारी प्राचीन विरासत औरण-गोचर को बचाना होगा: गजसिंह

**जोधपुर,** (कासं)। महाराजा हनवन्तसिंह के 100वें जन्मोत्सव एवं आजादी के 75वें अमृतोत्सव के उपलक्ष्य में इंटैक जोधपुर चैप्टर की जनरल बॉडी की बैठक एक होटल में पूर्व नरेश गजसिंह की अध्यक्षता एवं इण्टैक नेचुरल हैरिटेज डिपार्टमेण्ट नई दिल्ली के प्रिंसीपल डायरेक्टर मनु भटनागर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न

■ **इंटैक सदस्यों की जनरल बॉडी की बैठक सम्पन्न**

हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाराजा गजसिंहजी ने कहा कि हमारी प्राचीन विरासत औरण व गोचर को हमें बचाना होगा तभी हम पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित रख पायेंगे। इसके लिए हमें संगठित प्रयास करने होंगे। इंटैक ने कई जलस्त्रोतों को संरक्षित किया है। लेकिन हमें और अधिक प्रयास करने होंगे ताकि भविष्य में हम जल को बचा सकें। हमें बायलॉज को लागू करना होगा तभी हम इस दिाा में ठोस कार्यवाही कर पायेंगे।

मुख्य वक्ता मनु भटनागर ने कहा कि पर्यावरण व जल को बचाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इण्टैक बाड़मेर, जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर में औरणो व गौचरों के दस्तावेजीकरण का कार्य कर रहा है। इण्टैक पीआईएल के माध्यम से कई औरणों को बचाने का कार्य कर रहा है। जल संरक्षण के लिए चिंकारा व कई पशुओं के लिए पानी उपलब्ध करवाने का कार्य कर रहे हैं। हमें पानी संरक्षण की दिशा में ठोस कार्यवाही की आवयकता है। इंटैक जोधपुर चैप्टर के संयोजक डॉ. महेन्द्रसिंह तंवर ने बताया कि इंटैक जोधपुर चैप्टर द्वारा आयोजित इस आवश्यक बैठक में इंटैक जोधपुर के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में इण्टैक की ओर से सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। इसमें इण्टैक के सह-संयोजक भागीरथ वैष्णव, जे.एम.बूब एवं प्रदीप सोनी ने विचार व्यक्त किये।



पूर्व नरेश गजसिंह ने जल संरक्षण के क्षेत्र में सम्मान पत्र प्रदान किए।

इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण व जल स्त्रोतों के संरक्षण में पिछले चार दशकों से विशेष योगदान देने वाले प्रसन्नपुरी गोस्वामी व रामजी व्यास को इंटैक जोधपुर चैप्टर द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेण्ट सम्मान से सम्मानित किया गया। साथ ही इंटैक द्वारा ब्रिज फाउण्डेशन के आर्थिक सहयोग से निर्मित जोधपुर, बाड़मेर के आस-पास के गाँवों में चिंकारा व अन्य पशुओं के लिए निर्मित जलस्त्रोतों के जीर्णोद्धार व संरक्षण कार्य में और बाड़मेर व जैसलमेर जिलों में औरण व जियोग्लिफ्स के दस्तावेजीकरण के कार्य में सहयोग देने वाले दुर्गाराम, प्रतापसिंह तंवर, जैतसिंह, सुरेन्द्रसिंह तंवर, श्रवण पटेल, बाबूलाल, भंवरलाल व महेन्द्रसिंह चांपावत, पार्थ जग्गानी, अमिताभ बलोच, केशरसिंह व ईआरडीएस फाउण्डेशन को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा सृष्टि हीरानंदानी अभिन्ना दास को इंटैक द्वारा आयोजित खाना-खजाना माई फूड हैरिटेज प्रतियोगिता के राष्ट्रीय व क्षेत्रीय विजेता बनने पर सम्मानित किया गया।

# मुख्य सचिव ने संभाग स्तरीय बैठक ली

**चूरू,** (कासं)। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित संभाग स्तरीय बैठक में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान पुलि स महानिदेशक उमेश मिश्रा मौजूद रहे। मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि जिलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक टीम के रूप में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। यह समन्वय निचले स्तर तक बना रहे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आगामी छह माह प्रदेश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

इस दौरान प्रत्येक स्थिति पर नजर रखी जाए। किसी भी घटना के पश्चात् कार्यवाही का रेसपोंस टाइम कम रहे। मुख्य सचिव ने कहा कि निष्पक्ष और भयमुक्त निर्वाचन करवाना प्रशासन की पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा दिए जाने वाले निर्देशों की शत-प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि संभाग का आपसी सौहार्द बरकरार रहे। इसे प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस अपनाते हुए सख्त कार्यवाही की जाए।

मुख्य सचिव शर्मा ने कहा कि अंतराष्ट्रीय सीमा से जुड़े संभाग के क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। अंतरराज्यीय गतिविधियों पर भी पूर्ण नजर रखी जाए। पुलिस एवं प्रशासन को जिले के प्रत्येक मजबूत और कमजोर पक्ष की जानकारी हो। जिला कलेक्टर एवं पुलि स अधीक्षक निचले स्तर तक नियमित रिव्यू करें। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बीकानेर रेंज में पुलिस विभाग के कार्यों को सराहा और कहा कि बेहतर पुलिसिंग से यहां संगठित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगा है।

## लाखों की चोरी

**पिंडवाड़ा,** (निसं)। पिण्डवाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही है। कई रात को तो कहीं दिनदहाडे चोरी की घटना को अंजाम दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गत गुरूवार रात्रि को नवा अरठ गांव में चोरों की गैंग ने एक मंदिर सहित सात घरों के ताले तोड़कर आठ हजार रुपए, रोकड सहित घरेलू सामान चोरी कर बडी घटना को अंजाम दिया है। सातों घर मालिक महाराष्ट्र में रहते हैं। उनके आने के बाद ही चोरों ने कितनी बड़ी घटना को अंजाम दिया है की जानकारी मिल पाएगी। वहीं मुंबई रह रहे गोरधनलाल पुत्र शिवराम रावल ने रिपोर्ट देकर बताया कि हम परिवार सहित मलाड मुंबई में रहते हैं।

# भाजपा प्रदेश महामंत्री स्टेज से नीचे गिरे, बाल-बाल बचे

**भीलवाड़ा,** (निसं)। ज़िले के जहाजपुर उपखंड क्षेत्र में रविवार को भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश महामंत्री के प्रथम बार जहाजपुर पहुंचने पर क्षेत्र में कई जगह-जगह भव्य स्वागत का आयोजन रखा गया था। इस दौरान क्षेत्र के पंडेर गांव में पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ता व लोगों ने प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल का भव्य स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पंडेर बस स्टैंड पर टेंट की टेबलओं से एक स्टेज बनाया गया था जिस पर भाजपा प्रदेश महामंत्री के स्टेज पर पहुंचने के बाद क्षमता से अधिक लोगों के चढ़ने पर स्टेज की टेबल के लॉक खुल जाने से स्टेज पर पहुंचे भाजपा प्रदेश महामंत्री सहित कहीं लोग स्टेज से नीचे गिर गए। वहीं मौके पर खड़े लोगों ने व भाजपा कार्यकर्ताओं की मदद से प्रदेश महामंत्री दामोदर अग्रवाल को उठाकर खड़ा किया। दुर्घटना के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री सहित भाजपा कार्यकर्ताओं को किसी भी प्रकार की कोई गंभीर चोट नहीं आई। ग़नीमत रही कि भाजपा प्रदेश महामंत्री दुर्घटना में चोटिल होते होते बाल-बाल बचे। इस दौरान विधायक गोपीचंद मीणा, भरत सिंह राठौड़ सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

## दो पुलिसकर्मी सस्पेंड

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के भीनमाल पुलिस थाने के हार्डकोर हिस्ट्रीशीट अपराधी भजनलाल की दस्तयाबी के लिए लापरवाही बरतने पर हैड कॉनिस्टेबल व कानिस्टेबल को निलंबित कर दिया है।

जालोर जिले की छह पुलिस थानों की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भीनमाल का हार्डकोर अपराधी भजनलाल की दस्तयाबी के लिए पुलिस टीम को रवाना किया था। जिसकी भनक भजनलाल को लगने पर फरार हो गया था। जिस पर एसपी मोनिका सेन के निर्देश पर भीनमाल पुलिस थाने के हेड कांस्टेबल लाडूराम व कास्टेबल अशोक कुमार को निलंबित किया हैं।

# सह आचार्य रामकेश मीना की अनुशासनहीनता की शिकायत भेजी

**गंगापुर सिटी,** (निसं.)। राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी के प्राचार्य डॉ. रमेश बैरवा ने कॉलेज शिक्षा आयुक्त को रामकेश मीना, सह आचार्य संस्कृत द्वारा गैर कानूनी तरीके से प्राचार्य पद एवं प्रोफेसर पदनाम का दुरुपयोग कर लगातार की जा रही अनुशासनहीनता की शिकायत भेजकर त्वरित कार्यवाही की मांग की है।

शिकायत पत्र में लिखा है कि रामकेश मीना पद का दुरुपयोग कर लगातार अनुशासनहीनता कर रहे हैं जिससे कॉलेज शिक्षा का माहौल बिगड़ रहा है और इसका सबसे बुरा असर विशेष तौर पर राजकीय महाविद्यालय गंगापुर सिटी एवं इसके अधीन संचालित नवीन कालेजों के संचालन पर भी हो रहा है। उल्लेख है कि रामकेश मीना वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय मलारना डूंगर में कार्य व्यवस्था हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त हैं। श्री रामकेश मीना अपने नाम के साथ अनाधिकृत और गैरकानूनी तौर पर प्राचार्य,प्रोफ़ेसर एवं आदिवासी उपनाम का प्रयोग कर रहे हैं। मना करने के बावजूद भी ऐसा कर रहे हैं। रामकेश मीना का सरकारी रिकॉर्ड में नाम रामकेश आदिवासी नहीं होकर रामकेश मीना है। रामकेश मीणा को प्रोफ़ेसर का पदनाम आज तक नहीं मिला है।

■ **राज. महाविद्यालय गंगापुर सिटी के प्राचार्य डॉ. रमेश बैरवा ने कॉलेज शिक्षा आयुक्त को शिकायत भेजी**

रामकेश मीणा आधिकारिक तौर पर प्राचार्य पद पर नियुक्त नहीं है और ना ही इन्हें किसी रूप में प्राचार्य का कार्यभार मिला हुआ है। हकीकत तो यह है कि नवीन कॉलेजों में सिर्फ नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, प्राचार्य नहीं। फिर भी अनाधिकृत तौर पर रामकेश मीना अपने नाम के साथ प्राचार्य पद का इस्तेमाल कर पब्लिक को गुमराह एवं फर्जीवाड़ा कर रहे हैं। प्रोफ़ेसर पद एवं प्राचार्य पदनाम का तथा आदिवासी उपनाम का इस्तेमाल सरकारी पत्रों में, प्रेस विज्ञिप्तयां में तथा सोशल मीडिया पर कर रहे हैं। मना करने पर भी मीना यह अनाधिकृत कृत्य लगातार जारी रखे हुए हैं। राजकीय सेवा के आचरण नियमों का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं। इनकी अनुशासनहीनता एवं राजकार्य में बाधा की शिकायत आयुक्त को पूर्व में भी प्रेषित की हुई है।

## बदमाशों ने लूटने की कोशिश की

**डूंगरपुर,** (निसं)। रविवार देर शाम को डूंगरपुर खेरवाडा मार्ग पर शाम को बाईकर्स गैंग ने एक कार को लूटने का प्रयास किया लेकिन आसपास के बाशिंदे बचाव के लिए आ गये जिसके चलते कुछ देर चले संघर्ष के बाद आपराधिक तत्व तो भाग छूटे। लेकिन इस दौरान बचाव में आया व्यक्ति घायल हो गया जिसे सामान्य चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

रविवार शाम को डूंगरपुर-उदयपुर मार्ग के देवल से दो किमी की दूरी पर गामडी मोड़ पर दो से तीन बाइकों पर 8 से 10 युवक आए तथा सड़क से गुजर रही कारों को ओवरटेक कर कार को रूकवार लूटपाट और छीना झपटी की कोशिश की। इस दौरान अन्य बदमाश युवक कार के चारों ओर बाइक लेकर घूम रहे थे। कार में सवार लोगों की चिल्लाने की आवाज सुनकर कुछ ही दूरी पर चाय की थड़ी पर बैठा व्यक्ति बारो का शेर निवासी बंशीलाल बामणा मौके पर पहुंचा। इस दौरान कार से उतर कर एक व्यक्ति ने बंशीलाल से मदद की गुहार लगाई। जिस पर बंशीलाल ने बदमाश युवकों को रोकने की कोशिश की तो युवकों ने बंशीलाल हमला कर दिया। हमले में बंशीलाल सिर पर चोट आई जिसे खून निकलने लगा। इसके बावजूद उसने हिम्मत नहीं हारी और युवकों को खदेड़ने की कोशिश की जिसके चलते उन्होंने पुन: हमला किया और खून निकलता देख आरोपी मौके से भाग गए। इधर घायल बंशीलाल को खेरवाडा चिकित्सालय ले जाया गया जहां उसका प्राथमिक ईलाज किया।

# पुष्कर में अवैध शराब बिक्री का धंधा जोरों पर

## शिव महापुराण कथा आयोजन पांडाल से कुछ कदमों की दूरी पर घर में अवैध शराब का ठेका संचालित किया जा रहा था

**पुष्कर,** (निसं.)। तीर्थ नगरी पुष्कर में अवैध शराब का कारोबार किस तरह फल फूल रहा है इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि करीब 1 हजार पुलिस कर्मियों की मौजूदगी के बीच धड़ल्ले से अवैध शराब बिक्री का धंधा जोरों पर चल रहा है। एक ओर जहां पुष्कर में शिव महापुराण की कथा का आयोजन आयोजित किया जा रहा है तो वही पांडाल से कुछ कदमों की दूरी पर एक घर में अवैध शराब का ठेका संचालित किया जा रहा था। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस ड्यूटी में तैनात जवान उस घर के बाहर ही बैठा था। पूरे मामले की सूचना मिलने के 1 घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शराब जब्ती की कार्रवाई को अंजाम दिया। तब तक शराब माफिया शराब के कार्टून और बीयर की बोतले पिछले गेट से लेकर फरार हो गया। पूरे मामले को लेकर स्थानीय विधायक सुरेश रावत ने प्रशासन पर हमला बोला है तो वहीं पूर्व विधायक रही नसीम अख्तर इंसाफ ने धार्मिक स्थल के पास शराब बिक्री की निंदा की है।

पुष्कर विधायक सुरेश रावत ने कहा कि तीर्थ नगरी पुष्कर धार्मिक क्षेत्र है। कथा के चलते 1 हजार से अधिक पुलिसकर्मी मौके पर तैनात हैं। नगर पालिका क्षेत्र में शराब बिक्री पर पाबंदी है। बावजूद इसके शिव महापुराण कथा स्थल के नजदीक शराब बेच जाना स्थानीय प्रशासन की घोर लापरवाही को जाहिर करती है। विधायक रावत ने आरोप लगाया कि बिना पुलिस की मिलीभगत के यह अवैध धंधा नहीं चल सकता। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन यातायात व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से नहीं संचालित कर रही है। जिसके चलते पुष्कर घाटी से लेकर आयोजन स्थल तक जगह-जगह जाम लग रहे हैं। विधायक सुरेश रावत ने आरोप लगाया कि स्थानीय प्रशासन शिव महापुराण कथा के पूर्व से ही चाहता था कि यह कार्यक्रम रद्द हो। बीते कई वर्षों से प्रशासन अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा रहा। और ना ही व्यवस्थाओं के संचालन में भागीदारी निभा रहा है। विधायक सुरेश रावत ने कहा कि जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कहते हैं कि जिस क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री होगी उस क्षेत्र में थाना अधिकारी और जिला पुलिस कप्तान पर कार्रवाई की जाएगी तो इस मामले में भी कार्रवाई की जानी चाहिए। विधायक सुरेश रावत ने कहा कि धार्मिक स्थल के पास शराब बिक्री को लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय में अधिकारियों से मिलकर वह लिखित शिकायत दर्ज कराएंगे।



पुलिस ने अवैध शराब जब्त की।

■ **पूरे मामले की सूचना मिलने के एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शराब जब्ती की कार्रवाई को अंजाम दिया**

पीसीसी उपाध्यक्ष और पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर इंसाफ ने पुष्कर के मेला मैदान में आयोजित हो रही शिव महापुराण कथा के पास अवैध शराब बिक्री के मामले में बयान देते हुए कहा कि शिव महापुराण कथा पंडाल के पास अवैध रूप से बिक रही शराब की घटना को लेकर मैं कड़े शब्दों में निंदा करती हूं। अख्तर ने कहा कि वह प्रशासन से मांग करती है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अख्तर ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि धार्मिक स्थलों पर पूर्ण शराबबंदी रहे। पीसीसी उपाध्यक्ष अख्तर ने कहा कि पूरे मामले को लेकर वह कल जिला पुलिस कप्तान से मिलकर कार्यवाही की मांग करेंगी।

कथा पांडाल और प्रतिबंधित क्षेत्र होने के बावजूद हजारों पुलिस कर्मियों की मौजूदगी में अवैध शराब बिक्री की कार्यवाही पर जब जिम्मेदार पुलिस कर्मियों द्वारा कार्यवाही की जानकारी चाही गई। तो पुलिस द्वारा मौके पर जानकारी देने से साफ इंकार कर दिया। पूरे मामले की सूचना पुष्कर थाने को भी दी गई। बावजूद इसके पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। जिसके बाद जिला पुलिस कप्तान चुनाराम जाट को मामले से अवगत कराया गया। इस पर जिला पुलिस कप्तान के निर्देश पर पुष्कर थाने के दो पुलिस कर्मी करीब 1 घंटे बाद मौके पर पहुंचे। और अवैध शराब बरामद की। तब तक शराब माफिया पिछले दरवाजे से अवैध शराब को टिकाने लगा चुका था। इस संबंध में शाम 6.20 पर पुलिस थाने में फोन किया गया तो बताया है कि फिर तो दर्ज हो गई है आगे की कार्रवाई तेजाराम कर रहे है। शराब माफिया शराब नाबालिको के हवाले छोड़कर भाग गया।